## एक नजर में

### गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया



**भानपुरा।** श्रीमती कमला सकलेचा ज्ञान मंदिर विद्यालय में आज गुरु पूर्णिमा पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना एवं गुरु वंदना के साथ हुआ। सर्वप्रथम सभी गुरुओं का तिलक एवं पुष्पगुच्छ, के साथ सम्मान किया गया। प्राइमरी के छात्र छात्राओं ने बड़े ही मधुर स्वर में गुरु महिमा गाकर सबको मंत्र मुक्त कर दिया। इस पर्व की महत्ता बताते हुए सीनियर ब्लॉक की छात्रा अनादि नाहर ने गुरु का जीवन में महत्व विषय पर प्रभावी उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के पीआरओ अशोक व्यास ने बताया कि कोई भी देश, धर्म व समाज गुरु के बिना महत्वहीन एवं दिशाहीन हो जाता है। जिस किसी भी देश में गुरु का महत्व कम किया गया, उसने पतन की राह ही पकड़ी है। कार्यक्रम में शिक्षिका संगीता पंचोली ने मधुर गीत गाकर सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। शिक्षिका रीता भट्ट,सीमा वाधवा आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य डॉ.अर्चना सिंह, संस्था प्रमुख शरद सकलेचा, चेयरपर्सन नीति मोदी, एवं सचिव प्रतिभा सकलेचा ने भी सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

### नपाध्यक्ष गुर्जर ने गुरु पूर्णिमा पर्व पर गुरुजनों के दर्शन किए




**मन्दसौर।** गुरु पूर्णिमा पर्व के उपलक्ष्य में नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने बुधवार को मंदसौर नगर के विभिन्न आश्रमों एवं जैन संतों के चातुर्मास स्थल पर पहुंचकर उनके दर्शन किये तथा श्रीफल भेंटकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। नपाध्यक्ष गुर्जर ने भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी, वरिष्ठ महिला नेत्री सुषमा आर्य, पार्षदगण सुनीता भावसार, श्रीमती शांतिदेवी फरक्या, गरिमा भाटी, श्रीमती दीपमाला मकवाना के साथ मंदसौर नगर के विभिन्न आश्रमों में पहुंचकर संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने चन्द्रपुरा मेन रोड स्थित आर्यरक्षित जैन तीर्थ धाम पहुंचकर यहां चातुर्मास हेतु विराजित आचार्य श्री अशोकसागरजी म.सा. आदि ठाणा 11 व साध्वीगणों के दर्शन किये। नपाध्यक्ष ने गुरुचरणों में श्रीफल भी भेंट किया। संत श्री ने उनके सिर पर वासक्षेप डालकर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने मेनपुरिया आश्रम पहुंचकर यहां मणि महेशजी महाराज के दिव्य प्रवचन श्रवण किये तथा संत श्री को शॉल भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। नपाध्यक्ष गुर्जर ने यहां अपने विचार भी धर्मसभा में रखे। मेनपुरिया आश्रम ट्रस्ट के प्रहलाद काबरा, ब्रजेश जोशी ने नपाध्यक्ष का स्वागत किया। यहां पूर्व विधायक सिसौदिया भी विशेष रूप से उपस्थित थे। नपाध्यक्ष गुर्जर ने शिवना नदी के तट पर सिद्ध स्थल ब्रह्मानंदजी आश्रम में भी पहुंचकर संतों की समाधि के दर्शन किये। नपाध्यक्ष गुर्जर ने यहां गुजरात से बड़ी संख्या में आये भक्तों से भी चर्चा की। गुर्जर ने कृषि उपज मण्डी मंदसौर के प्रांगण में पहुंचकर प.पू. श्री भीमाशंकर शास्त्री के दर्शन किये तथा उनकी अमृतमयी वाणी भी श्रवण की। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने तीन छत्री बालाजी, नरसिंहपुरा देवाक माता मंदिर पहुंचकर क्रमशः महंत रामदासजी महाराज एवं पं. दशरथ भाईजी का भी आशीर्वाद लिया।

### दिव्यांक सिंह ने मंदसौर कलेक्टर का पदभार ग्रहण किया

**मंदसौर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी दि?यांक सिंह ने बुधवार को मंदसौर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2017 बेच के अधिकारी दिव्यांक सिंह इसके पूर्व अपर आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल में पदस्थ थे। पदभार ग्रहण पर अपर कलेक्टर एकता जायसवाल सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन डीएफओ संजय राय खेरे आदि उपस्थित थे। पश्चात कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा कलेक्टर कार्यालय परिसर का भ्रमण कर विभिन्न कार्यालयो का निरीक्षण किया .गया.

# गुरु का सान्निध्य समाज को देता है सही दिशा : आचार्य श्री रामानुज

## अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा ने श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गुरु पूर्णिमा



**मंदसौर। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा द्वारा गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में महासभा के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों ने आचार्य श्री रामानुज का पुष्पमालाओं से स्वागत-अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।**

अपने प्रेरक उद्बोधन में आचार्य श्री रामानुज ने कहा कि समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने समाज और संस्कृति के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त कर नई पीढ़ी को संस्कारयुक्त एवं सकारात्मक दिशा देना समाज के नेतृत्व की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। गुरु के आशीर्वाद से किया गया प्रत्येक कार्य जीवन में शांति, सफलता और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है।

समारोह में जिला अध्यक्ष अनिल तिवारी, राष्ट्रीय उपप्रधान शिवकुमार शर्मा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री सत्यनारायण शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक झालोया, पूर्व जिला अध्यक्ष सुधीर शर्मा, जांगिड़ ब्राह्मण पंचायत चंद्रपुरा के सचिव चंद्रशेखर तिवारी तथा ट्रस्टी राजेश घराणिया सहित अनेक पदाधिकारियों ने आचार्य श्री रामानुज का सम्मान किया।

महिला मंडल की ओर से जिला उपाध्यक्ष ज्योति तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य शशि झालोया, लीला झालोया, सलाहकार सदस्य मंजू झालोया, रेशमा शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने श्रीफल भेंट कर आचार्य श्री रामानुज का अभिनंदन किया।

गुरु पूर्णिमा के इस आयोजन में समाजजनों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन समाज की एकता, संगठन और सेवा के संकल्प के साथ हुआ।.

## गुरु पूर्णिमा पर सीतामऊ महाविद्यालय में महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व समारोह आयोजित

**मंदसौर।** सीतामऊ में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर डॉ. रघुवीर सिंह शासकीय महाविद्यालय, सीतामऊ में भारतीय ज्ञान परंपरा, गुरु-शिष्य संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों के संवर्धन के उद्देश्य से महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, मंदसौर के मेंटर रूपदेव सिंह सिसोदिया तथा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी नरेंद्र सिंह राठौर थे। महाविद्यालय परिवार ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ, शॉल एवं श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि रूपदेव सिंह सिसोदिया ने भारतीय ज्ञान परंपरा, गुरु-शिष्य संबंधों की गरिमा एवं गुरु के सर्वोच्च स्थान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से ज्ञान, संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि नरेंद्र सिंह राठौर ने गुरु पूर्णिमा के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु के प्रति सम्मान और कृतज्ञता भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने विद्यार्थियों को गुरुओं के आदर्शों का अनुसरण कर समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण डॉ. संजय कुमार प्रजापति ने दिया। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार वैष्णव ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु का सान्निध्य व्यक्ति के व्यक्तित्व, चरित्र एवं विचारों का निर्माण करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से जीवनभर शिक्षकों के मार्गदर्शन का सम्मान करने का आग्रह किया।

## श्री जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल की बैठक में कार्यकारणी का हुआ विस्तार

**मन्दसौर।** श्री जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल की बैठक पोरवाल छात्रावास रामटेकरी पर सम्पन्न हुई, जिसमें मार्गदर्शक मंडल निर्मला मांदलिया, गीता धनोतिया, गीता पोरवाल, पुष्पा मरच्या, संतोष फरक्या, किरण मांदलिया के मार्गदर्शन में अध्यक्ष कुसुम सेठिया ने कार्यकारणी का विस्तार करते हुए सचिव निधि गुप्ता, कोषाध्यक्ष हेमलता गुप्ता, मिडिया प्रभारी प्रिया फरक्या, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमिला संघवी, रेखा उदिया, उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी महाजन, संतोष मोदी, हेमलता दानगढ़, ममता रत्नावत, मनीषा पोरवाल,रेखा मंडवारिया, सीमा पोरवाल, सहसचिव कविता सेठिया, आशा सेठिया, रीना उदिया, गुणमाला धनोतिया, ममता मोदी, माला मोदी, मिल्की डबकरा,संगठन मंत्री रानी रत्नावत, सरिता गुप्ता, निर्मला गुप्ता, सुजाता सेठिया, संतोष मांदलिया, साधना मांदलिया, अर्चना मुजावदिया, सुमित्रा सेठिया, गतिविधि सचिव प्रीति मांदलिया, प्रीतिबाला गुप्ता, भावना मेहता, ममता मुजावदिया, हंसा डबकरा, संगीता फरक्या, वंदना रत्नावत,अलका मुजावदिया, सांस्कृतिक सचिव इन्दु फरक्या, लीला मंडवारिया, विद्या घाटिया, टीना दानगढ़,रेखा गुप्ता, संतोष मांदलिया, सुशीला मोदी, सरिता सेठिया, सक्रिय सदस्य ज्योति सेठिया, विद्या गुप्ता, प्रतिभा गुप्ता, पल्लवी मेहता,सरोज रत्नावत,उषा पोरवाल,किरण सेठिया, शकुन्तला मोदी, प्रियंका गुप्ता , सुनीता रत्नावत, नेहा रत्नावत,प्रेमलता गुप्ता,रीना मेहता, संगीता मांदलिया, ममता सेठिया,मधु सेठिया,किरण पोरवाल,मीता गुप्ता, संगीता गुप्ता, सुशीला घाटिया उपस्थित रहें।

## गुरु पूर्णिमा पर्व पर सामूहिक गुरुवंदना कार्यक्रम आयोजित

**मंदसौर।** चन्द्रपुरा मेन रोड़ स्थित श्री आर्यरक्षित जैन तीर्थ पर चातुर्मासिक गतिविधि प्रारंभ हो गयी है। कल बुधवार को चातुर्मास के द्वितीय दिवस गुरु पूर्णिमा पर्व पर आर्यरक्षित जैन तीर्थ धाम ट्रस्ट, चातुर्मास समिति व गुरु भक्तों के द्वारा सामूहिक रूप से गुरुवंदना कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां चातुर्मास हेतु विराजित प.पू. जैन आचार्य अशोक सागर सूरिश्वरजी म.सा. आदि ठाणा 11 की पावन प्रेरणा व निश्रा में गुरुभक्तों ने आचार्यश्री के चरणों में श्रीफल रखकर उनकी वंदना की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं ने प्रातः 9 से 11 बजे तक यहां पहुंचकर संतों की अमृतमयी वाणी भी श्रवण की।

आचार्य श्री सागरचन्द्र सागरजी म.सा. ने कहा कि गुरु की आज्ञा का पालन जरूरी है। द्रोणाचार्य के शिष्य एकलव्य ने अपनी गुरु की आज्ञा पर अपना अंगूठा गुरु दक्षिणा में दे दिया। एकलव्य ने अंगूठा देते समय यह भी विचार नहीं किया कि अंगूठे के बिना वह धनुष बाण कैसे चलायेगा। जीवन में समर्पण हो तो एकलव्य जैसा। आपने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर्व गुरु तत्व की महत्ता दर्शाता है तथा गुरु की कृपा प्राप्त करते ही यह प्रेरणा देता है। संसार में गुरु की महिमा समझना सरल नहीं है जो गुरु की महिमा को समझ गया समझो जीवन में सब कुछ पा लिया।

**एक नजर** | **गुरु पूर्णिमा पर गुरुओं का सम्मान**

## महर्षि संदीपनी के आदर्शों पर चलने का आह्वान

**भानपुरा। महाराजा यशवंत राव होलकर शासकीय महाविद्यालय, भानपुरा में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुओं के सम्मान एवं भारतीय ज्ञान परम्परा को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कमलेश जी चन्देल, पूर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य श्री शेखर जी वाधवा, तथा अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दिनेश कुमार पाटीदार ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं महर्षि संदीपनी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात छात्राओं हर्षिता एवं पवित्रा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमेश चन्द्र पाण्डेय ने कार्यक्रम का प्रभावी संचालन किया।

मुख्य अतिथि श्री कमलेश जी चन्देल ने गुरु की महिमा, महर्षि संदीपनी के प्रेरणादायी जीवन तथा भारतीय गुरु-शिष्य परम्परा पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संस्कारवान एवं चरित्रवान बनने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि श्री शेखर जी वाधवा ने जीवन में गुरु के महत्व, कठिन परिश्रम तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की उपयोगिता पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. दिनेश कुमार पाटीदार ने गुरु पूर्णिमा, महर्षि संदीपनी तथा भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्व पर प्रकाश डाला।

क्रीड़ा अधिकारी सुश्री खुशबू सिसोदिया ने विद्यार्थियों को अनुशासन एवं खेल भावना के प्रति प्रेरित किया। छात्रा डॉली वाधवा ने गुरु की महिमा पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का आभार भारतीय ज्ञान परम्परा प्रभारी डॉ. सीमा सेन ने माना इस अवसर पर डॉ. प्रीति शर्मा, डॉ. रुचि सक्सेना, प्रो. धर्मेन्द्र सिंह राजपूत सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# नीमच

## एक नजर में

### रविदास महाराज की जयंती पर आज 650 दीप होंगे प्रज्वलित

**नीमच।** संत श्री गुरु रविदास महाराज जी की आगामी 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच द्वारा समरसता संकल्प अभियान के तहत 650 दीप प्रज्ज्वलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 30 जुलाई 2026 को सायं 5:30 बजे भूतेश्वर महादेव मंदिर, नीमच में आयोजित होगा। भाजपा जिला नीमच के मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी एवं सह मीडिया प्रभारी शुभम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य संत श्री गुरु रविदास महाराज जी के समरसता, समानता, सामाजिक सद्भाव और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से समाज में सामाजिक समरसता एवं आपसी भाईचारे की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का प्रयास किया जाएगा।

### नगर पालिका की पीआईसी की बैठक में जनहित के मुद्दों पर हुआ मंथन



**नीमच।** नगर पालिका परिषद की प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल (पीआईसी) की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में नगर के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए। जनप्रतिनिधियों ने नगर के समग्र विकास एवं आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए विकास कार्यों को गति देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में शहर की बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, सड़कों के सुधार, स्वच्छता व्यवस्था एवं आगामी विकास परियोजनाओं के रोडमैप पर विस्तृत चर्चा की गई। परिषद के सदस्यों ने कहा कि जनहित को केंद्र में रखकर नगर के चौमुखी विकास के लिए निरंतर कार्य किए जाएंगे। बैठक में दारा सिंह यादव, धर्मेश पुरोहित, नीरज अहीर एवं छाया जायसवाल सहित प्रमुख जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने नगर के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि नगर पालिका प्रशासन जनता के प्रति जवाबदेह है और विकास कार्यों की गति को और तेज किया जाएगा। बैठक के उपरांत नगर में लंबे समय से लंबित विभिन्न विकास कार्यों को शीघ्र स्वीकृति मिलने तथा उनके क्रियान्वयन में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# समय-सीमा समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

## समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें अधिकारी

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा (टीएल) समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकताओं से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं परिणाममूलक कार्यप्रणाली अपनाते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करे।



बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन, अनुकंपा नियुक्ति, राजस्व प्रकरणों सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण केवल औपचारिकता न होकर नागरिकों को वास्तविक राहत प्रदान करने वाला होना चाहिए। 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करते हुए विभागीय रैंकिंग में पसुधार लाने के निर्देश दिए। अत्यधिक लंबित शिकायतों वाले विभागों के प्रति जवाबदेही तय करने के लिए कारण बताओ सूचना-पत्र जारी करने के भी निर्देश दिए। बैठक में हाल ही में एक प्लास्टिक फैक्ट्री में हुई दुर्घटना का भी संज्ञान लिया गया। कलेक्टर ने श्रम विभाग को विस्तृत जांच कर नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने तथा घायल श्रमिक से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उसकी स्थिति की जानकारी लेने एवं आवश्यक सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर क्षेत्र की व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी को शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित एवं प्रभावी अभियान संचालित करने, सार्वजनिक मार्गों को बाधामुक्त रखने तथा नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए सतत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# ई पी एफ ओ 95 की तहसील स्तरीय बैठक आयोजित

**नीमच।** राष्ट्रीय संघर्ष समिति ईपी एफ ओ 95 जिला नीमच एवं सहकारी बैंक पेंशनर संघ की संयुक्त बैठक जनपद कार्यालय नीमच में दोप. 12:00 से 1:00 बजे तक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य रूप से पी.एफ.ओ कार्यालय उज्जैन से मोहित कुमार उपस्थित हुए। जिला अध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल मिला ओर ई पी एफओ अधिकारी से संपर्क कर पेंशनर्स साथियों की समस्या के निदान संबंधी कार्य करवाया गया। उपरांत क्षेत्रीय कार्यालय नीमच सिटी में भी 1:00 से 3:00 बजे तक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के मुख्य बिंदु पर हुई चर्चा में पेंशनर संघ अध्यक्ष संभाजी राव जाधव द्वारा सितंबर में आयोजित की जाने वाली वार्षिक साधारण सभा की तिथि के बारे में बताया। राष्ट्रीय संघर्ष समिति जिला अध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद शर्मा ने अपने उपस्थित हायर पेंशन साथियों से सहमति लेते हुए इस बार की ए जी एम के लिए प्रत्येक सदस्य साथी से पांच सौ रुपए देने का सुझाव रखा गया। ओर 5 अगस्त को दिल्ली जंतर-मंतर पर आयोजित रैली में भाग लेने की चर्चा की गई।बृजेंद्र प्रसाद शर्मा, अध्यक्ष संभाजी राव जाधव ने बताया की राष्ट्रीय संघर्ष समिति के आंदोलन में समय समय पर नीमच जिले की ओर से भाग लेने की अनिवार्यता पर भी सहमति दी गई।

## रामपुरा कॉलेज में गुरु पूर्णिमा पर महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व का आयोजन

**रामपुरा।** शासकीय महाविद्यालय रामपुरा में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा पर्व को महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व के रूप में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलराम सोनी ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री आत्माराम जोशी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक श्री पूरालाल धनगर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं महर्षि सांदीपनि के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर शिवकोर कवचे ने किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. बलराम सोनी द्वारा श्री आत्माराम जोशी का सम्मान किया गया, वहीं वरिष्ठ प्राध्यापक जेड.एच. बोहरा द्वारा श्री पूरालाल धनगर का श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि श्री आत्माराम जोशी ने कहा कि गुरु के माध्यम से ही ईश्वर के दर्शन संभव होते हैं। गुरु निस्वार्थ भाव से विद्यार्थियों को संस्कारवान और श्रेष्ठ नागरिक बनाने का कार्य करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासित एवं संयमित जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया।

सेवानिवृत्त शिक्षक श्री पूरालाल धनगर ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को बताते हुए कहा कि गुरु के मार्गदर्शन से विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त करता है।

**एक नजर** | **उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले प्राचार्यों का हुआ सम्मान**

## जिला स्तरीय गुरु वंदन-अभिनंदन एवं सम्मान समारोह गरिमापूर्ण संपन्न

**नीमच।** राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में बुधवार को सांदीपनि विद्यालय, मनासा में जिला स्तरीय गुरु वंदन-अभिनंदन एवं सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरुजनों का सम्मान, उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों का अभिनंदन तथा नवनियुक्त शिक्षकों का स्वागत करना था।



समारोह के मुख्य अतिथि विधायक दिलीप सिंह परिहार तथा विधायक अनिरुद्ध माधव मारू थे। कार्यक्रम में अनूप व्यास, श्री निलेश पाटीदार एवं सांडिया के पूर्व सरपंच श्री बाबूलालजी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती ऐश्वर्या मूंदड़ा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी.एल. जावरीय तथा सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य बी.एल. बसेर ने किया।कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में सतत सुधार के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गत शैक्षणिक सत्र में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले प्राचार्यों को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सम्मानित कर प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए।

विधायक अनिरुद्ध माधव मारू ने अपने उद्बोधन में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले सभी प्राचार्यों तथा सांदीपनि विद्यालय, मनासा के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ की सराहना करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने का आह्वान किया।मुख्य अतिथि विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार ने सांदीपनि विद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कारिक अवधारणा की प्रशंसा करते हुए कहा कि गुरु सांदीपनि के आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।